# वागड़ संदेश

Title Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक- 111 | सागवाड़ा,मंगलवार,21 दिसम्बर, 2021 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## तोड़फोड़ और लूटपाट करने पर 10 गिरफ्तार, अन्य हमलावर पुलिस के डर से घर छोड़कर भागे

**डूंगरपुर।** सीमलवाड़ा कस्बे में 8 महीने पहले फैजान हत्याकांड का बदला लेने आरोपियों के 5 घरों में तोड़फोड़, लूटपाट की गई। मामले में पुलिस ने 10 हमलावारों को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपी पुलिस के डर से घर छोड़कर भाग गए। कस्बे में तनाव का माहौल देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। धंबोला सीआई भैयालाल आंजना ने बताया कि रविवार रात सीमलवाड़ा कस्बे में रज्जाक पुत्र मजीद पटेल, यूसुफ पुत्र अब्दुल हकीम इप्रोलिया और उनके परिवार के पांच घरों में हमला हुआ था। लाठी, पत्थर और तलवार लेकर गए हमलावरों ने घरों में तोड़फोड़, लूटपाट की। मामले की जांच करते हुए मंगलवार को 10 आरोपियों सलाउद्दीन, मुस्तफा, आसिफ, सुहेल, इमरान ,जाबिर, इरफान, अफसाना, अफसाना पत्नी हबीब साबलिया, शाहिना को गिरफ्तार किया गया। अन्य आरोपियों के घरों पर भी पुलिस टीम पंहुची लेकिन आरोपी घरों को छोड़कर भाग गए है। थानाधिकारी ने बताया कि वारदात में लिप्त सभी आरोपियों की तलाश की जा रही है। घरों में तोड़फोड़, लूटपाट की वारदात के बाद से कस्बे में तनाव के माहौल को देखते हुए पुलिस तैनात है। पुलिस आरोपियों और दूसरे पक्ष की हरकतों पर भी नजर रखे हुए है।

### मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में हुई चोरी का खुलासा

## एक स्थायी व 3 अस्थायी वार्ड बॉय को किया गिरफ्तार

**डूंगरपुर।** जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के कोविड केयर सेंटर से फायर फाइटिंग सिस्टम के पीतल के नोजल चोरी होने के मामले का आज खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी के मामले में हॉस्पिटल के ही एक स्थायी व 3 अस्थायी वार्ड बॉय को गिरफ्तार किया है। जिनसे चुराई गई नोजल भी बरामद कर ली है। कोतवाली थाने के सीआई दिलीपदान चारण ने बताया की 5 दिसंबर को मेडिकल कॉलेज डूंगरपुर के बॉयो मेडिकल अभियंता प्रतीक पहाड़ ने थाने में मामला दर्ज करवाया था। जिसमे बताया था कि मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के कोविड केयर सेंटर ओर टाटा कंपनी के ऑक्सीजन प्लांट को जोड़ने के लिए कॉपर पाइप व फायर फाइटिंग सिस्टम के पीतल की नोजल को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की। छानबीन में पुलिस को कई सुराग मिले। इस पर पुलिस ने हॉस्पिटल के स्थाई वार्ड बॉय नरेश नाई वखारिया चौक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने अपने 2 साथियों नरेश हरिजन निवासी आंतरी और कल्पेश हरिजन निवासी आंतरी के साथ मिलकर हॉस्पिटल से फायर फाइटिंग सिस्टम के पीतल की नोजल चोरी करने की वारदात कबुल कर ली। पुलिस ने नरेश हरिजन व कल्पेश हरिजन को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के कब्जे से 3-3 पीतल के नोजल जब्त कर लिए है। आरोपी नरेश हरिजन ओर कल्पेश हरिजन हॉस्पिटल में अस्थाई वार्ड बॉय के रूप में काम कर रहे थे। एक नोजल की कीमत करीब 4 हजार रुपये बताई जा रही है।

## केरल में हत्या के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन

**डूंगरपुर।** केरल के अलप्पुझा में रविवार को केरल भाजपा ओबीसी मोर्चा के सचिव रंजीत श्रीनिवासन की हत्या के विरोध में डूंगरपुर जिले में भी भाजपा की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया। भाजपा ओबीसी मोर्चा ने शहर के तहसील चौराहे पर केरल के सीएम का पुतला फूंकते हुए प्रदर्शन किया गया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। डूंगरपुर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र श्रीमाल ओर पूर्व नगर अध्यक्ष सुरेश भाटिया के नेतृत्व में ओबीसी मोर्चा कार्यकर्ता शहर के तहसील चौराहे पर एकत्रित हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केरल में भाजपा नेता की हत्या के विरोध में केरल सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की । इस दौरान कार्यकर्ताओ ने भाजपा नेता की हत्या के मामले में केरल सरकार की निंदा की वही विरोध प्रदर्शन करते हुए केरल के मुख्यमंत्री का पुतला जलाया। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा ने रंजीत श्रीनिवास के हत्यारों को गिरफ्तार करने तथा उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाने की मांग की है। गौरतलब है की केरल के अलप्पुझा में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के राज्य सचिव रंजीत श्रीनिवास की कुछ लोगो ने उनके घर में घुसकर उनकी हत्या कर दी थी।

## किसान के बेटे को मिला 1 करोड़ का पैकेज

**सीकर।** झुंझुनूं के सौरभ कुल्हरी को अमेजन कंपनी के लंदन ऑफिस में 1.06 करोड़ का सालाना पैकेज मिला है। सौरभ अमेजन में सॉफ्टवेयर डेवलपर का काम देखेंगे। उनके मम्मी-पापा खेती करते हैं। अमेजन में नौकरी पाने वाले सौरभ कुल्हरी का जन्म से नौकरी पाने तक का सफर काफी रोचक है। अमेजन में इंटरव्यू से पहले उन्हें डेंगू हो गया, कमजोरी के बावजूद उन्होंने इंटरव्यू दिया और सफलता हासिल की। मैंने शुरुआती स्कूली पढ़ाई अपने गांव मलसीसर में ही पूरी की। खेती का काम करने वाले मम्मी-पापा चंद्रकला देवी और राजेश कुल्हरी ने अच्छी एजुकेशन के लिए झुंझुनूं के एक स्कूल में दाखिला कराया।

परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं होने के बाद भी मम्मी-पापा ने दिन-रात मेहनत कर मुझे पढ़ाया। ऐसे में मैंने भी 10वीं परीक्षा पास करते ही सोच लिया था कि चाहे कुछ भी हो मम्मी-पापा के सपनों को पूरा करके दिखाना है।जब मैं 10वीं में था, उसी वक्त बुआ की दो बेटियां सीकर में आकर आईआईटी और नीट की तैयारियां करने लगी।

ऐसे में मम्मी-पापा ने मुझे भी आईआईटी करवाने का निश्चय किया। 10वीं पास करते ही मुझे पढ़ने के लिए सीकर में भेज दिया। मेरे साथ मेरी दादी मनकोरी देवी भी दो साल रही। वह मेरे और खुद के सारे काम समय पर पूरे करती थीं। उनकी स्फूर्ति और जोश को देखकर कभी ऐसा नहीं लगा कि वह बुजुर्ग महिला है। इस कारण मेरा पूरा ध्यान पढ़ाई पर रहा और मेरा चयन आईआईटी कानपुर में हुआ। आईआईटी में मेरा यह आखिरी साल है।

## गेपसागर झील में कूदी महिला, चिल्लाने की आवाज सुनकर पाल पर घूम रहे युवक ने बचाया

**डूंगरपुर।** जिले की कोतवाली थानान्तर्गत डूंगरपुर शहर की गेपसागर झील में आज एक महिला ने अचानक छलांग लगा दी। झील में डूबने पर महिला द्वारा बचाओ-बचाओ चिल्लाने पर झील की पाल पर बैठे युवक ने झील में कूदकर महिला की जान बचाई। खुदकुशी की कोशिश के पीछे पारिवारिक कलह कारण बताया जा रहा है। कोतवाली थाने के सीआई दिलीपदान चारण ने बताया की एक महिला गेपसागर की पाल पर पंहुची। पाल पर आने के बाद महिला पहले तो इधर-इधर घुमती रही और फिर झील के पानी में छलांग लगा दी। इधर झील के पानी में जब महिला डूबने लगी तो महिला बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगी। जिस पर गेपसागर की पाल पर ही बैठे युवक पंकज मोची निवासी आदर्शनगर ने महिला के चिल्लाने की आवाज सुनी और उसे बचाने के लिए हिम्मत दिखाते हुए झील में कूद गया और युवक ने पानी में डूब रही महिला को पकड़कर उसे सुरक्षित बाहर निकाला और उसकी जान बचाई। वही इस दौरान गेपसागर की पाल पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। महिला का नाम सुनीता पत्नी विजेश बांसड निवासी बांसवाडा होना बताया। घटना के बारे में सुनकर महिला का पति विजेश भी पाल पर आ गया और उसे घर लेकर गए। महिला का पति कुर्सियां भरने ओर दूसरे काम करता है। पारिवारिक कलह के चलते महिला द्वारा गेपसागर झील में कूदकर खुदकुशी की कोशिश की गई थी। कोतवाली थाने के सीआई दिलीपदान चारण ने बताया की घटना को लेकर कोतवाली थाने में अब तक कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है।

## पंचायत समिति के लिए उपचुनाव हुआ

**गणेशपुर।** आसपुर पंचायत समिति के वार्ड नंबर एक देवला गणेशपुर में पंचायत समिति का उपचुनाव शांतिपूर्ण रहा। गणेशपुर में 501 महिलाओं ने 446 पुरुषों ने मतदान किया। कुल मत 947 मत पड़े। मतदान 49.94 प्रतिशत रहा। देवला में ।73 महिलाओं ने और 848 पुरुषों ने मतदान किया। 1621 मत पड़े। यहां 48.54 प्रतिशत मतदान हुआ। पंचायत समिति के लिए कांग्रेस से दिनेश मीणा, भाजपा से उदय लाल मीणा और निर्दलीय प्रत्याशी कमलेश निनामा मैदान में है। भाजपा विधायक गोपीचंद मीणा, पूर्व अध्यक्ष वेलजी पाटीदार, भूरा



पाटीदार और एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष ईश्वर परमार ने मोर्चा संभाल रखा था। वहीं कांग्रेस की ओर से कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष करण सिंह, नवदीप सिंह, दत्तू महाराज एवं बीटीपी से उमेश डामोर, प्रधान सागर आहरी ने मोर्चा संभाल रखा था। थानाअधिकारी कमलेश चौधरी ने सभी बूथों का निरीक्षण किया।

## पाटीदार बने सागवाड़ा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष

**सागवाड़ा।** बार एसोसिएशन के वर्ष 2021- 22 के अध्यक्ष पद के लिए मंगलवार को चुनाव हुए जिसमें लालशंकर पाटीदार को अध्यक्ष और सचिव पद के लिए वीरेंद्र मीणा को चुना गया। चुनाव अधिकारी विजय कुमार जैन इसकी घोषणा की। इस अवसर पर नारायण लाल दोषी, हरीश चंद्र पाटीदार चंद्रशेखर शुक्ला, बक्शीराम रोत, मयंक दोषी, चेतनलाल, कपिल भट्ट, कल्पेश रावल, विपिन शर्मा, शैलेंद्र जैन, मुनीर शहजाद, राजेंद्र मीणा, राकेश बुनकर, अनिरुद्दीन सिंह, लोकेश पाठक, गोविंद डांगी समेत कई अधिवक्ता मौजूद थे।



## ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा की तिथियों में परिवर्तन की मांग

**डूंगरपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने शीतकालीन अवकाश के दौरान 27 एवं 28 दिसम्बर 2021 को प्रस्तावित ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा 2021 की तिथियों में परिवर्तन की मांग की है। रुक्टा (राष्ट्रीय) के महामन्त्री डॉ सुशील कुमार बिस्सू ने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष को पत्र लिख कर बताया है कि 27 एवं 28 दिसम्बर 2021 को प्रस्तावित ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा 2021 हेतु राज्य भर के अधिकांश महाविद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया है जबकि महाविद्यालयों में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी दि 25 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2021 तक शीतकालीन अवकाश पूर्व घोषित है।

शीतकालीन अवकाश शिक्षकों के लिए पारिवारिक दायित्वों की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है जिसकी प्रतीक्षा सभी शिक्षकों को रहती है।राज्य के महाविद्यालयों में अनेक शिक्षक अपने मूल निवास से बहुत दूरस्थ महाविद्यालयों में पदस्थापित हैं जिनके पास इन अवकाशों के बाद सत्रान्त तक अपने अपरिहार्य पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन के लिए इतनी दीर्घावधि के अवकाश नहीं हैं।इन अवकाशों के लिए पहले से ही कार्ययोजना तथा यात्रा आरक्षण आदि रहते हैं।

संगठन के अध्यक्ष डॉ दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि शीतकालीन अवकाश के दौरान महाविद्यालयों में ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा 2021 जैसी अति महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षा के लिए अपेक्षित अधिकारी/कर्मचारी जुटा पाना बहुत कठिन कार्य होगा। इस तरह व्यावहारिक कठिनाइयों एवं उक्त परिस्थितियों को देखते हुए संगठन का आग्रह है कि ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा 2021 को 27 एवं 28 दिसम्बर 2021 के स्थान पर शीतकालीन अवकाश की समाप्ति 31 दिसम्बर 2021 के बाद आयोजित कराने के निर्देश प्रदान करें जिससे सभी शिक्षक शीतकालीन अवकाशों के उपभोग के उपरान्त तनाव मुक्त होकर परीक्षा करा सकें।

## मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का संवेदनशील निर्णय

**जयपुर।** बीमार एवं वृद्ध कैदियों की होगी समय पूर्व रिहाई, मुख्यमंत्री की इस पहल से ऐसे परिवारों को खुशियां मिलेंगी, जिनके परिजन आजीवन कारावास की सजा का अधिकांश हिस्सा भुगत चुके, आजीवन कारावास से भिन्न अवधि के कारावास की सजा से दण्डित वृद्ध एवं गंभीर बीमारियों से ग्रसित ऐसे कैदियों को समय पूर्व रिहा किया जा सकेगा, जो कैंसर,एड्स,कुष्ठ एवं अन्य गंभीर रोगों से ग्रसित अथवा दृष्टिहीन या विकलांग अपने दैनिक क्रियाकलापों के लिए। दूसरों पर निर्भर ऐसे वृद्ध पुरुष जिनकी आयु 70 वर्ष तथा महिलाएं जिनकी आयु 65 वर्ष या इससे अधिक सजा का एक तिहाई भाग भुगत चुके हैं उन्हें समय पूर्व रिहाई मिल सकेगी, सजा का अधिकांश हिस्सा भुगत चुके बंदियों को भी राहत, आजीवन कारावास से दण्डित ऐसे बंदी जिन्होंने 14 वर्ष की सजा भुगत ली है विगत दो वर्षों में जेल में आचरण संतोषप्रद रहा,ऐसे।

बंदियों को भी रिहा किया जा सकेगा, आजीवन कारावास से भिन्न अवधि की सजा भुगत रहे।

## गेंजी घाटा में डीएसटी ने पकड़ा

## सड़क किनारे खड़े एक युवक को विस्फोटक सामग्री के साथ पकड़ा

**डूंगरपुर।** जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के गेंजी घाटा में डीएसटी ने सड़क किनारे खड़े एक युवक को विस्फोटक सामग्री के साथ पकड़ा है। डीएसटी ने युवक के पास मिले थैले से 31 डेटोनेटर और 31 जिलेटिन की छड़े जब्त की है। इधर मामले में चौरासी थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। चौरासी थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया की डीएसटी को मुखबीर के जरिये सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध विस्फोटक सामग्री लेकर जा रहा है। इस पर डीएसटी हेड कांस्टेबल नवीन कुमार, कांस्टेबल महावीर, मुकेश, राजगोपाल, यशपालसिंह, चालक पंकज की टीम मुखबीर के बताएं अनुसार सीमलवाड़ा रोड पर गेंजी घाटा के पास पंहुची। वहां सड़क किनारे एक युवक थैला लेकर खड़ा था। युवक की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर उसे पकड़कर पूछताछ की तो वह घबरा गया। पुलिस ने उसके पास थैले की तलाशी ली तो थैले में विस्फोटक सामग्री भरी हुई मिली। डीएसटी ने विस्फोटक सामग्री ले जाने को लेकर लाइसेंस मांगा, लेकिन उसके पास कोई कागज नहीं थे। इस पर डीएसटी ने आरोपी महेश पुत्र बाबूलाल डामोर निवासी शरम वीरपुर को हिरासत में ले लिया। विस्फोटक से भरे थैले के साथ आरोपी को चौरासी थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने थैले से 31 डेटोनेटर ओर 31 जिलेटिन की छड़े बरामद की है। इसका उपयोग अवैध खनन कार्य, माइनिंग में होता है। आरोपी ने अब तक विस्फोटक को किस जगह पर लेकर जा रहा था इसके बारे में जानकारी नहीं दी है और पुलिस पूछताछ कर रही है।

## नगरपरिषद सभापति अमृत कलासुआ ने परिषद की विभिन्न कमेटियों का किया गठन

**डूंगरपुर।** राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 55 के अंतरगर्त नगरपरिषद सभापति अमृत कलासुआ ने राज्य सरकार के स्वायत शासन विभाग के अनुमोदन के बाद परिषद की विभिन्न कमेटियों की घोषणा की। मंगलवार को सभापति ने प्रेस विग्यप्ति जारी कर विभिन्न कार्यो हेतु 10 कमेटियों की घोषणा करते हुए कमेटियों के अध्यक्ष और सदस्यों को आज से ही कार्यभार संभालने के निर्देश प्रदान किये है। सभापति ने बताया कि परिषद में कार्यों के विकेंद्रीकरण आमजन के कार्यों को शीघ्र निपटाने के उद्देश्य से कार्यपालक समिति,वित्त समिति, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति, भवन अनुज्ञा और संकर्म समिति, कच्ची बस्ती सुधार समिति, नियम और उपविधि समिति, अपराधों का शमन और समझौता समिति, विधुत समिति, उधान समिति और लोक वाहक समिति का गठन किया गया है। जिसमे विभिन्न समितियों के अध्यक्ष और सदस्य निम्न प्रकार से है। कार्यपालक समिति में अध्यक्ष सभापति अमृत कलासुआ, सदस्य उपसभापति सुदर्शन जैन, महालक्ष्मी कोटडिया, शार्दुल सिंह राठोड, प्रियंका रोत एवं समस्त समितियों के अध्यक्ष। वही स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति में अध्यक्ष उपसभापति सुदर्शन जैन,सदस्य ब्रिजेश सोमपुरा, धर्मिष्ठा श्रीमाल, सलमा बानो और इकबाल सैयद। वही भवन अनुज्ञा और संकर्म समिति में अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह,सदस्य कांतिलाल कोटेड, मोहनलाल जैन, लीला देवी। वही वित्त समिति में अध्यक्ष इन्दिरा जैन,सदस्य भावना राव,भानु सेवक,नीलम जैन,गौरव कंसारा। वही कच्ची बस्ती सुधार समिति में अध्यक्ष भूपेश शर्मा,जितेन्द्र भोई,फरजाना,राजेश रोत, गोपाल गांधी। वही नियम और उपविधि समिति में अध्यक्ष अशोक चौबीसा सदस्य पंकज जैन,हुमेरा बानो, राकेश पंचाल, और सरोज जोहियाला रहेंगे वही अपराधों का शमन और समझौता समिति में अध्यक्ष राजीव चौबीसा,सदस्य नीलू रोत,डायालाल पाटीदार,नितिन प्रकाश चौबीसा, और यूनुस मेवाफरोश रहेंगे वही विद्युत समिति में अध्यक्ष बाबूलाल श्रीमाल,सदस्य नरेश यादव, हिना जोशी,दिलावर खा,और जवाहर लोहार वही उद्यान समिति में अध्यक्ष धनपाल जैन, सदस्य होजेफालोखनवाला, पायल बासड़, शहनाज बानो और मोहनलाल यादव रहेंगे वही लोक वाहक समिति में अध्यक्ष जयेश लोधावरा, रवि जादू और कैलाश यादव को सदस्य बनाया गया है।

## किसानों को 7 घंटे बिजली मिलेगीः परसादी लाल मीना

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीना ने कहा कि दौसा जिले में किसानो को ठंड से बचाने के लिए सिंचाई हेतु दिन में 7 घंटे विद्युत आपूर्ति करवाने की व्यवस्था की जावेगी। मंगलवार को दौसा कलेक्ट्रेट सभाभवन में आयोजित विभागीय योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ मंत्री ने यह बात कही।

उन्होने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्तमान में पड़ रही भीषण ठण्ड से किसानों को बचाने के लिए सिंचाई हेतु दिन में 7 घंटे बिजली की आपूर्ति की करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## पायलट ने गाया गाना- जीना यहां, मरना यहां

### 50 साल कहीं नहीं जाने वाले बयान से जोड़कर निकाले जा रहे सियासी मायने

**जयपुर।** पूर्व डिप्टी इरू सचिन पायलट का राजधानी के एक चैरिटी शो में गाया गाना चर्चा का विषय बन गया है। सचिन पायलट अल्बर्ट हॉल पर रोटरी क्लब के कार्यक्रम में पहुंचे थे। उन्होंने यहां 1970 में आई फिल्म मेरा नाम जोकर का गाना जीना यहां, मरना? यहां, इसके सिवा जाना कहां सुनाया। पायलट के इस गाने को उनके समर्थक खूब शेयर कर रहे हैं। पायलट ने भले चैरिटी शो में यह गाना गाया हो, लेकिन इसकी सियासी हलकों में खूब चर्चा है। कांग्रेस संगठन में नई जिम्मेदारी मिलने पर राजस्थान से दूर जाने की अटकलों पर सचिन पायलट ने एक कार्यक्रम में कहा था, मैं 50 साल कहीं नहीं जाने वाला। पायलट राजस्थान से लगातार कनेक्टेड रहने और यहीं सियासत करने की बात कह चुके हैं। इस गाने के बोल भी उसी बयान की



तरफ ही इशारा करने वाले हैं। गौरतलब है कि सचिन पायलट और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एक-दूसरे के विरोधी हैं। पिछले महीने मंत्रिमंडल विस्तार में पायलट समर्थकों को जगह मिलने के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि वे अब दिल्ली की राजनीति करेंगे।

इन कयासों पर उन्होंने खुलकर कहा था, मैं कहीं नहीं जा रहा हूं। सचिन पायलट टेरिटोरियल आर्मी से भी जुड़े हैं। पायलट ने PA सरकार में मंत्री रहते हुए लेफ्टिनेंट के तौर पर टेरिटोरियल आर्मी जॉइन की थी। हाल ही में टेरिटोरियल आर्मी में पायलट प्रमोट होकर कैप्टन बने हैं। पायलट का परिवार सेना के बैकग्राउंड वाला है। पायलट के पिता राजेश पायलट भी इंडियन एयरफोर्स में फाइटर पायलट थे। उन्होंने स्क्वॉड्रन लीडर के तौर पर कई ऑपरेशंस में हिस्सा लिया था। सचिन पायलट साल में कुछ दिन टेरिटोरियल आर्मी में सर्विस देते हैं।